तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 31 दिसंबर 2024

10 पिछड़ा वर्ग समाज के बंद को मिला समर्थन...

11 आरक्षण कटौती के विरोध में 3 घंटे चक्काजाम




## खबर संक्षेप



### योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित करने किया प्रेरित

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के दिशा-निर्देशन में सीईओ जनपद पंचायत भोपालपटनम द्वारा ग्राम तमलापल्ली में डाक चौपाल लगाकर डाक विभाग के विभिन्न योजनाओं वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, महिला सम्मान सेविंग सर्टिफिकेट, किसान विकास पत्र इत्यादि से ग्रामीणों को अवगत कराते हुए सभी योजनाओं का पात्रतानुसार लाभ लेने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। इसके अलावा शासन की समस्त योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए आधार कार्ड और बैंक खाता की उपयोगिता को विस्तारपूर्वक ग्रामीणों को बताया गया एवं अनिवार्य रूप से बैंक खाता खुलवाने एवं आधार कार्ड बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

### असहाय लोगों को मिला क्रिसमस गिफ्ट



**जगदलपुर।** चंदैया मेमोरियल मेथोडिस्ट एपिसकोपल लाल चर्च की महिला समिती के तत्वाधान मे मसीही समाज की गरीब अनाथ निशक्तजन विधवा, बेसहारा बुजुर्गों महिला, पुरुषों को क्रिसमस का गिफ्ट दिया गया। उनकी रोज की दिनचर्या में काम आने वाली वस्तुओं को गिफ्ट के रुप मे दिया गया। क्रिसमस एंव नये साल की खुशियों मे सम्मिलित कर बिशप डा.रेव्ह.एस.सुना पास्टर रेव्ह लारेंस दास चर्च संचालन समिती के प्रापर्टी चेयरमेन रत्नेश बेंजामिन लोकल प्रीचरो पास्टर मिशनरियों के द्वारा सम्मानित किया गया। क्रिसमस की खुशियों में गिफ्ट देना पुराने समय से चला आ रहा है और क्रिसमस का अर्थ गरीब दुखियों विधवा, अनाथों को क्रिसमस की खुशियों में शामिल करना ही प्रभु यीशु मसीह का संदेश है। बेसहारा बुजुर्गों अनाथ, निशक्तजन कमजोर तबके के लोग गिफ्ट पाकर खुश हुए। साथ ही समिती द्वारा प्रेमभोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लालचर्च महिला समिती की अध्यक्षा प्रवीणा पौलुस, सुषमा बाघ, वेरोनिका दानी, शिखा नादन, सुलभा चौधरी, उमेश्वरी सिंग, नैरिस विवेक आनंद, बीना जान, एलिस अग्रवाल, जास्मिनकांत, राधिका सलाम, दीपा दास सहित अन्य समिती की महिला उपस्थित थे।

# नए साल में माड़ से नक्सलियों के खिलाफ शुरू होगी निर्णायक लड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्च 2026 तक नक्सलवाद के खात्में के एलान के बाद फोर्स वर्ष 2025 के शुरूआत से ही नक्सलियों के खिलाफ आपरेशन करने खाखा तैयार कर चुकी है।

माड़ क्षेत्र में सैकड़ों की संख्या में शीर्ष वर्दीधारी नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना के बाद अब इसकी शुरूआत माड़ इलाके से करने फोर्स को निर्देश दिए गए है।जिस तरह से नक्सलियों के खिलाफ आपरेशन की तैयारी की जा रही है उससे लगता है कि वर्ष 2025 में ही नक्सलियों के खिलाफ दिए गए टॉस्क को पूरा कर लिया जाएगा। गृहमंत्री के एलान के बाद वर्ष 2024 के आखरी दो माह में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। वहीं अब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दिए गए टास्क को पूरा करने साल 2025 की शुरूआत में ही अबूझमाड़ इलाके में मौजूद बड़े माओवादियों को घेरने की रणनीति सुरक्षा महकमे ने तैयार कर ली है। इसके लिए राजधानी के एडीजी और डीएसपी रैंक के बड़े अफसर अबूझमाड़ इलाके में रात गुजारेंगे और जवानों के साथ ऑपरेशन में शामिल होंगे। बताया जा रहा है कि माओवादियों के बड़े लीडर जिन पर करोड़ों रुपये का ईनाम रखा गया है वे सभी नारायणपुर के माड़ और बीजापुर जिले के ▶▶| शेष पेज 10 पर


## शीर्ष नक्सलियों के माड़ इलाके में होने की पुख्ता जानकारी

### माड़ से निर्णायक लड़ाई

सुरक्षाबलों ने साल 2026 का जो लक्ष्य रखा गया हैं उसे 2025 में ही सुरक्षा बल खत्म करने की फिराक में है। कहा भी जा रहा है कि 2025 में माओवादियों के साथ आखिरी निर्णायक लड़ाई होगी। इसकी शुरूआत वर्ष के अतिंम माह में भी देखने को मिला इस दौरान माड़ क्षेत्र में अब तक का सबसे बड़ा आपरेशन चलाकर 40 से अधिक नक्सलियों को सुरक्षाबलों के जवानों द्वारा ढेर किया जा चुका है।



### माड़ में जल्द ही होगा बड़ा आपरेशन लांच



छग और बस्तर से माओवादी संगठन को खत्म करने का लक्ष्य जवानों को दे दिया गया है। अब आने वाले दिनों में माड़ इलाके में बड़ा ऑपरेशन लांच किया जाएगा। इसके लिए डीआरजी के साथ ही डिस्ट्रीक्ट फोर्स, एसटीएफ, कोबरा व सीआरपीएफ की संयुक्त टीम आपरेशन का हिस्सा होगी।

**-सुंदरराज पी,** आईजी बस्तर।

## प्रदर्शन : राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क के दोनों तरफ लगी वाहनों की लंबी कतारें

रायपुर की ओर से आने वाले वाहन चालकों ने परिवर्तित मार्ग का लिया सहारा

# मांगों को लेकर पिछड़ा वर्ग समाज ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में कटौती के विरोध में सोमवार को सुबह 7 से पूर्वान्ह 11 बजे तक नगर बंद व 11 से शाम 4 बजे तक राष्ट्रीय राजमार्ग के महाराणा प्रताप चौक में चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया गया।

चार सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार को छत्तीसगढ़ सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के लोगों ने नगर बंद और राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। चक्काजाम के चलते वाहन चालकों व यात्री समेत आमजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हाईवे के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। हालांकि लोकल वाहन चालकों को परिवर्तित मार्ग की जानकारी होने से भानपुरी के रास्ते लोहंडीगुड़ा व परचनपाल से होते हुए कुड़कानार धरमपुरा होकर शहर पहुंचे। अधिकांश चारपहिया वाहन छोटी कार आदि वाहन आसना से पुराने पुलिया होकर शहर में प्रवेश कर रहे थे। बाद ▶▶| शेष पेज 10 पर



### एएसपी व सीएसपी ने संभाली सुरक्षा की कमान

*चक्काजाम स्थल महाराणा प्रताप प्रतिमा स्थल आमागुड़ा चौक हाईवे पर कानून व्यवस्था बनाये रखने एएसपी व सीएसपी सुरक्षा की कमान संभाले थे। जबकि कोतवाली, बोधघाट, परपा, नगरनार थाना के टीआई समेत दर्जनों एसआई, एएसआई, प्रधान आरक्षक व बड़ी संख्या में जवान तैनात थे। इस दौरान स्थिति बिगड़ने और अशांति की स्थिति में वाटर कैनन वरुण वाहन मोर्चा संभाला था। चक्काजाम शांतिपूर्ण रहा।*

### मांगें पूरी नहीं होने पर करेंगे आंदोलन



संभागीय अध्यक्ष तरुण सिंह धाकड़ ने कहा कि पिछड़ा वर्ग समाज की चार प्रमुख मांगों को प्रदेश सरकार ने ध्यान नहीं दिया है। समाज लगातार प्रदेश सरकार से मांग करता आ रहा है कि आरक्षण में कटौती को लेकर समाज का शुरू से कड़ा रुख रहा। उन्होंने कहा कि मांगों पर सरकार ध्यान नहीं दिया तो आने वाले दिनों मे समाज द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। चक्काजाम पश्चात एसडीएम को मांगपत्र सौंपा गया।

### चेम्बर की हुई किरकिरी

छत्तीसगढ़ सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के बंद के आव्हान को लेकर व्यायारियों की सबसे बड़ी संस्था बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स दो दिन पहले बंद का समर्थन कर पत्र जारी किया था। फिर बंद के आव्हान के एक दिन पहले रविवार को अपने ही निर्णय को वापस लिया। इससे चेम्बर की किरकिरी हुई जो शहर में चर्चा का विषय बना रहा। चेम्बर के इस निर्णय पर विरोध जताते छग सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के संभागीय अध्यक्ष तरुण सिंह धाकड़ ने चेम्बर के निर्णय की निंदा की।



# 2 नक्सली गिरफ्तार, एक पर था एक लाख का इनाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

जिला बल और सीआरपीएफ 165 वीं वाहिनी को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस गश्त पार्टी पर हमला के आरोपी दोनों नक्सली 2016 से फरार थे। न्यायालय ने दोनों के खिलाफ स्थायी वारंट जारी किया है। सोमवार को सुरक्षाबलों ने जगरगुंडा थाना क्षेत्र के कुंदेड़ के जंगल से गिरफ्तार किया है। एक नक्सली पर एक लाख का इनाम है। दोनों नक्सली जिला सुकमा एवं सीमावर्ती जिलों में घटित विभिन्न नक्सली गतिविधियों में सम्मिलित रहे है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सुकमा न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से जेल भेजा गया।

- 8 साल से फरार थे, भेजे गये जेल

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर सोमवार को थाना जगरगुण्डा से जिला बल एवं 165 वाहिनी सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी एरिया डोमिनेशन व नक्सली आरोपियों की धरपकड़ हेतु ग्राम कुंदेड़ व आसपास क्षेत्र की ओर रवाना हुई। इस दौरान ग्राम कुंदेड़ के जंगल में दो नक्सलियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम सोड़ी सुक्का जोनागुडा आरपीसी अध्यक्ष और सोड़ी भीमा उर्फ नंदू जोनागुडा आरपीसी मिलिशिया कमाण्ड इन चीफ बताया।

नक्सलियों ने अपने बयान में बताया कि प्रतिबंधित नक्सल संगठन में कार्य कर रहे थे। दोनों को थाना लाकर नक्सल प्रोफाइल चेक करने पर साल 2016 में राजपेंटा के पास पुलिस गस्त पार्टी पर आईईडी ब्लास्ट कर हमला करने की घटना में शामिल होना पाया गया। घटना के संबंध में थाना जगरगुण्डा में आर्म्स एक्ट, 3,5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध है।

# सुदामाचरित पाठ के साथ फूलों की होली में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राधा रमण महिला समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और दिव्यता के रंग में रचा-बसा रहा। इस सात दिवसीय आयोजन का नेतृत्व कथा व्यास विनी किशोरी ने किया। जिन्होंने अपनी संगीतमय शैली से कथा का प्रसार किया।

- श्रीमद्भागवत कथा का भव्य समापन
- राधा रमण महिला समिति के तत्वावधान में आयोजन

रविवार को सातवें दिन श्री कृष्ण और सुदामा चरित्र का पाठ किया गया, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। कथा स्थल पर छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे। आयोजन के दौरान फूलों की होली खेली गई, जिसमें श्रद्धालु और स्थानीय नागरिक उमंग और खुशी से सराबोर हो गए। विनी किशोरी स्वयं भक्तों के साथ फूलों की वर्षा में शामिल हुईं, जिससे भक्तों का उत्साह और बढ़ गया। श्रद्धालुओं ने इस भव्य आयोजन को सनातन धर्म की एकता और संस्कृति का प्रतीक बताया। समापन दिवस पर हवन के बाद प्रसाद वितरण किया गया।



### भक्ति, प्रेम और समरसता का अद्भुत अनुभव

कथा वाचिका विनी किशोरी ने सात दिवसीय कथा के दौरान भक्तों के समर्पण और आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। श्रद्धालुओं ने भी इस आयोजन को भक्ति, प्रेम और समरसता का अद्भुत अनुभव बताया।

बड़ांजी धान खरीदी केंद्र पहुंच किसानों से चर्चा

# किसान का एक-एक धान का दाना खरीदेगी सरकार : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोहण्डीगुड़ा मंडल अध्यक्ष मंगतू कश्यप ने सोमवार को धान खरीदी केंद्रों का दौरा कर क्षेत्र के किसानों से रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के विष्णु देव के सुशासन में किसानों का एक-एक दाना धान खरीदी जायेगी।

भाजपा के शासन में किसान खुशहाल हैं। हर किसान का जन-कल्याण योजनाओं में हमेशा से ही भाजपा की प्राथमिकता रहा है। किसानों की धान खरीदी समय पर हो रही है। सभी किसानों से प्रति क्विंटल धान 3100 रूपए खरीदी हो रही है। नरेन्द्र मोदी के शासन में हर वर्ष किसानों के खाते में पैसे भेज रहीं हैं। भाजपा शासन में किसानों के लिए सिंचाई योजनाओं को भी लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। इस दौरान भरत कश्यप, सावेंद्र सेठिया,वासू पटेल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



## नजदीक के वार्ड पर नजर, पार्टी का निर्णय मानने की भी कह रहे बात

# दिग्गजों का वार्ड आरक्षित होने से बड़े नेता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नये साल में होने वाले नगरीय निकाय के चुनाव ने कई वरिष्ठ पार्षदों की धड़कनें बढ़ा दी है। लंबे समय तक नगर की जनता की सेवा करने वाले इन वरिष्ठ और दिग्गज पार्षदों का वार्ड आरक्षित हो गया है इसलिये अपने वार्ड से कई पार्षद चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। उनकी नजर नजदीक के कुछ वार्डो से चुनाव लड़ने की है। लेकिन उस वार्ड के पार्टी के पहले से ही मौजूद पार्षद और अन्य दावेदारों के कारण इन्हें पार्टी के निर्णय पर भरोसा करना पड़ेगा। वैसे इन पार्षदों की दावेदारी वरिष्ठता के कारण महापौर सीट पर भी है। हरिभूमि ने भाजपा और कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ पार्षदों से चर्चा की।

- महापौर के भी हैं दावेदार, नहीं तो पार्षद बनकर सेवा करने की मंशा

### तीन वार्ड से पांच बार पार्षद बने हैं योगेन्द्र



लगभग 30 साल से नगर की जनता की सेवा कर रहे नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष तथा वर्तमान पार्षद योगेन्द्र पाण्डे को इस चुनाव में दूसरे वार्ड को देखना पड़ेगा। हालांकि वरिष्ठता के कारण वे महापौर पद के भी सशक्त दावेदार है। तीन वार्ड से चुनाव लड़कर पांच बार पार्षद बने हैं। हरिभूमि से चर्चा में उन्होंने कहा कि भाजपा से तीन बार सुभाष वार्ड और एक-एक बार रमैय्या वार्ड और प्रवीर वार्ड से पार्षद चुने गये हैं। इस बार मेरा रमैय्या वार्ड सामान्य महिला हो गया है। इस कारण इस वार्ड की जगह प्रवीर वार्ड जो सामान्य हुआ है वहां ▶▶| शेष पेज 10 पर

### नेता प्रतिपक्ष का वार्ड भी हुआ महिला

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष उदयनाथ जेम्स का शांति नगर वार्ड इस बार आरक्षण में सामान्य महिला हो गया है। वे शांति नगर से तीन बार और मदर टेरेसा वार्ड से एक बार यानि चार बार पार्षद चुने गये हैं। अगला चुनाव उनके लिये पांचवां होगा। मदर टेरेसा वार्ड अब दो वार्ड में बंट चुका है। उसमें मदनमोहन वार्ड अलग से बना है। वहीं राजीव गांधी वार्ड पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षित है इसलिये वहां संभावना है लेकिन जैसा पार्टी चाहेगी वैसा मेरा निर्णय होगा। लगातार नगर विकास में मेरी प्रतिबद्धता रही है। कांग्रेस का निष्ठावान सिपाही रहा हूं और इसी उद्देश्य के साथ चार बार पार्षद बनकर मैंने वार्डवासियों की सेवा की है।



### चार बार के पार्षद संजय का वार्ड हुआ महिला ओबीसी

पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड के पार्षद संजय पाण्डे का वार्ड भी आरक्षण में पिछड़ा वर्ग महिला हो गया है। इसलिये वे इस वार्ड से चुनाव नहीं लड़ पायेंगे। यहीं से वे तीन बार और एक बार अब्दुल कलाम वार्ड से पार्षद चुने गये हैं। वे महापौर के मजबूत दावेदार है। हरिभूमि से उन्होंने कहा कि पार्टी जैसा निर्णय लेगी मुझे मंजूर है। लंबे समय से नगर की जनता का सेवा करने का अवसर मिला है आगे भी यही मंशा है। जहां जैसा उपयोग पार्टी चाहेगी वही मेरा निर्णय रहेगा।



### पत्नी को लड़ायेंगे विक्रम डांगी

गांधी नगर वार्ड से दो बार पार्षद रहे कांग्रेस के सक्रिय युवा नेता विक्रम सिंह डांगी को आरक्षण के कारण इस बार अपने ही वार्ड से लड़ने का मौका नहीं मिलेगा। वे दो बार गांधी नगर वार्ड से पार्षद बने हैं और गंगानगर और वल्लभ भाई पटेल वार्ड से चुनाव हार चुके हैं। वल्लभ भाई पटेल वार्ड आरक्षण में सामान्य मुक्त है। जहां से श्वेता बघेल कांग्रेस से चुनाव जीतकर भाजपा में चली गई है। पार्टी जैसा निर्णय लेगी मुझे मंजूर है। गांधी नगर वार्ड महिला होने के कारण पत्नी को लड़ाने का विचार है।



## पाठक सूचना

**हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**जगदलपुर**
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

**नारायणपुर**
मो. 9407740955, 9131893124


**कोण्डागांव**
मो. 7000312486, 9131893124

**सुकमा**
मो. 9149027841

**दंतेवाड़ा**
मो. 9425592636, 9131893124

**बीजापुर**
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप



### सीएम साय ने दिवंगत बृजेंद्र श्रीवास्तव को दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को वीआईपी रोड स्थित रामस्वरूप निरंजन धर्मशाला में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में स्व. बृजेंद्र श्रीवास्तव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्व. बृजेंद्र श्रीवास्तवजी ने जो कार्य किए, वे चिरस्थाई रहेंगे। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी, विधायक धरमलाल कौशिक, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, स्व. बृजेंद्र श्रीवास्तव के परिजन उपस्थित थे।

### सीएम साय से शौंडिक समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की भेंट



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से रविवार शाम मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में शौंडिक समाज के प्रतिनिधि मण्डल ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय को प्रतिनिधिमण्डल ने राजधानी रायपुर में 11 जनवरी 2025 को आयोजित अखिल भारतीय शौंडिक सामाजिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर शिवरतन प्रसाद गुप्ता, श्याम किशोर गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता और सुरेश प्रसाद गुप्ता सहित शौंडिक समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### पूर्व सीएम बघेल ने पिता की बरसी पर दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने पिता स्व. नंदकुमार बघेल की बरसी पर श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर श्री बघेल ने लिखा, आज परिवारजनों के साथ बाबूजी स्व. नंदकुमार बघेल की बरसी पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बाबूजी का आशीर्वाद सदैव हम पर बना रहे।

# दाढ़िया में कर्मचारियों की भागीदारी से तय हुए विकास के नये आयाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

जिले के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम दाढ़िया में समाज को नई दिशा देने और ग्राम विकास में कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया। आयोजन कर्मचारी अनुदान समिति और युवा समिति के सहयोग से किया गया। जिसने ग्रामीणों के बीच एकता और सहयोग की भावना को और भी मजबूत किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य खेमचंद नेताम, विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य दिनेश कोर्राम, और सरपंच अनिरुद्ध नेताम द्वारा 100 मीटर दौड़ के माध्यम से किया गया। प्रतियोगिता में अंचल के हजारों ग्रामीणों ने भाग लिया, जो इस आयोजन की सफलता का प्रतीक था। इस दिन आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ खो–खो, मटका फोड़ जलेबी दौड़ कुर्सी दौड़ आलू दौड़ और रस्सा खींच जैसे खेल शामिल रहे। विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और युवाओं ने इन प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। जिससे उनकी मेहनत और प्रतिभा का सम्मान हुआ। रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी इस आयोजन का एक महत्वपूर्ण भाग था। जिसमें स्थानीय कलाकारों ने अपनी कलात्मक प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। नए साल के आगमन के इस अवसर पर इस प्रकार के आयोजन प्रतिवर्ष किए जाते हैं, जो न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि सामुदायिक एकता का भी प्रतीक है।

## 100 मीटर दौड़ खो-खो, मटका फोड़ जलेबी दौड़ कुर्सी दौड़ आलू दौड़ और रस्सा खींच स्पर्धा हुई

### कर्मचारियों की भागीदारी

मुख्य अतिथि खेमचंद नेताम ने कहा, ग्राम दाढ़िया कोंडागांव जिले के लिए एक मिसाल पेश करता है, जहां विभिन्न सरकारी विभागों के कर्मचारी अपनी सेवाएं देकर ग्राम विकास में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस ग्राम में मंत्रालय से लेकर सीमा पर तैनात जवान, शिक्षक, इंजीनियर और अन्य गणमान्य अधिकारी सहित सैकड़ों कर्मचारी सीधे विकासात्मक कार्यों में जुटे हुए हैं।



### सामुदायिक सेवा की मिसाल

कर्मचारी अनुदान समिति के संरक्षक और सदस्यों के कठिन परिश्रम से यह आयोजन सफल हुआ, जिसमें युवा संगठन और स्थानीय ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस समिति ने न केवल खेल के क्षेत्र में बल्कि समाज में बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और रोजगार में मार्गदर्शन देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दाढ़िया एक ऐसा गांव जहां लगभग प्रत्येक घर में एक सरकारी नौकरी है, और कर्मचारियों की ग्राम विकास में भागीदारी एक आदर्श पहल के रूप में उभर रही है।

**प्रदर्शन : जीरो प्रतिशत आरक्षण मिलने का विरोध**

# पिछड़ा वर्ग समाज के बंद को मिला समर्थन निकाली बाइक रैली, किया गया चक्काजाम






हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

स्थानीय निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग समुदाय को जीरो प्रतिशत आरक्षण मिलने के विरोध में बस्तर संभाग में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुआ। कोण्डागांव जिला मुख्यालय के नारायणपुर चौक पर हजारों की संख्या में पिछड़ा वर्ग समाज के लोग एकजुट होकर शांतिपूर्ण लेकिन प्रभावी चक्काजाम में शामिल हुए।

■ मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन विस्तार की चेतावनी

शहर के व्यापारियों ने भी इस आंदोलन में सहयोग किया। आवश्यक सेवाओं से जुड़े प्रतिष्ठानों को छोड़कर, अन्य सभी दुकानें और व्यापारिक गतिविधियां बंद रहीं। व्यापारी वर्ग ने सामाजिक एकता का परिचय देते हुए इस आंदोलन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। चक्काजाम के कारण यातायात पूरी तरह से बाधित रहा। जिससे आम जनता को कुछ समय के लिए असुविधा का सामना करना पड़ा, लेकिन पिछड़ा वर्ग समाज के आंदोलन को हर वर्ग का समर्थन मिला। पिछड़ा वर्ग समाज के नेताओं ने जनसमूह को संबोधित करते हुए अपने अधिकारों की लड़ाई जारी रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जीरो प्रतिशत आरक्षण पिछड़ा वर्ग के साथ बड़ा अन्याय है, जिसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को अनदेखा किया गया, तो यह आंदोलन केवल बस्तर संभाग तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे प्रदेश और देशभर में फैल सकता है।




### कांग्रेस ने दिया समर्थन

*कांग्रेस ने भी इस प्रदर्शन का समर्थन किया। पूर्व मंत्री मोहन मरकाम ने कहा, स्थानीय निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग को जीरो आरक्षण देना अन्यायपूर्ण है। यह पिछड़े वर्ग के अधिकारों का हनन है, जिसे किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। जिला अध्यक्ष रीतेश पटेल ने कहा, हमारे अधिकारों की लड़ाई तब तक जारी रहेगी। जब तक हमें न्याय नहीं मिलता। यदि शासन ने हमारी मांगें नहीं मानीं, तो पूरे प्रदेश में आंदोलन होगा।*

### जैन समाज पर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले पर कार्रवाई की मांग




**नारायणपुर।** जिले में पिछड़ा वर्ग द्वारा दुकानें बंद कर व्यापारियों से समर्थन मांगने के दौरान एक व्यक्ति द्वारा जैन व्यापारी पर जैन समाज को लेकर अमर्यादित टिप्पणी की गई। टिप्पणी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ विरोध दर्ज करते हुए जैन समाज द्वारा नारायणपुर थाना तक रैली निकालकर पहुंचे। उक्त व्यक्ति के खिलाफ थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई करने की मांग की गई। पंकज जैन अध्यक्ष जिला व्यापारी संघ ने कहा कि पिछड़ा वर्ग समाज द्वारा उनकी मांगों को लेकर किए जा रहे प्रदर्शन पर समर्थन मांगा था। जिस पर दोपहर 12 बजे तक दुकानें बंद रखने की बात कही गई थी । दुकानें बंद कराने घूम रहे व्यक्ति द्वारा जैन समाज पर अशोभनीय टिप्पणी करना निंदनीय हैर जिसका व्यापारी संघ भी विरोध करता है । वही जैन समाज के सदस्य जवरीलाल चौरड़िया ने कहा कि एक व्यक्ति द्वारा जैन समाज पर अशोभनीय टिप्पणी करना गलत है। टिप्पणी से समाज आहत है इसलिए रैली निकालकर थाना पहुंच ज्ञापन सौंप उक्त व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है ।

■ समाज ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव निर्वाचक नामावली संशोधन में 6 जनवरी तक दावा-आपत्ति




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

त्रिस्तरीय पंचायतों के आगामी आम निर्वाचन 2024–25 की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके तहत जनपद पंचायत क्षेत्र की निर्वाचक नामावली से संबंधित दावा–आपत्ति दर्ज करने का कार्य 31 दिसंबर से शुरू होगा। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय, ग्राम पंचायत मुख्यालय और जनपद पंचायत मुख्यालय में यह कार्य संपन्न किया जाएगा। इच्छुक नागरिक, जिनका नाम भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित 01 जनवरी 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर निर्वाचक नामावली में शामिल होना चाहिए, वे नाम जुड़वाने, हटाने या संशोधन के लिए आवेदन कर सकते हैं। 31 दिसंबर से 5 जनवरी 2025 तक, समय सुबह 10 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक, अंतिम तिथि 6 जनवरी 2025 को अपरान्ह 3 बजे तक दावा आपत्ति कर सकते हैं। प्राप्त सभी दावों और आपत्तियों का निराकरण करने के पश्चात निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी 2025 को किया जाएगा। निर्वाचक नामावली में संशोधन या नाम जुड़वाने के लिए संबंधित कार्यालय में समय पर आवेदन कर सकते हैं।

■ नाम जुड़वाने हटाने या संशोधन के लिए कर सकते हैं आवेदन

# 15 किलो से अधिक गांजा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव

स्थानीय थाना पुलिस ने दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने स्कूटर में गांजा की तस्करी करते एक आरोपी को पकड़ा। गांजा तस्करी के पुराने मामले के एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल भेजा गया है।

■ परिवहन करने वाली स्कूटर को भी पुलिस ने किया जब्त

पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव येदुवल्ली अक्षय कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अनिल विश्वकर्मा के पर्यवेक्षण में थाना फरसगांव पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध रूप से सट्टा, जुआ पर अंकुश एवं गांजा पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सोमवार को जरिये मोबाइल फोन से मुखबिर के सूचना प्राप्त हुआ कि ओडिशा, उमरकोट, माकड़ी, रांधना होते हुये फरसगांव के रास्ते से रायपुर की ओर जा रही एक नीले रंग के टीव्हीएस जुपिटर स्कूटी क्रमांक ओडी 24 एल 2264 में अवैध मादक पदार्थ गांजा का परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर फरसगांव, माकड़ी रोड जुगदई चौक के पास रोड किनारे में नाकेबंदी की गई जो मुखबिर के बताए अनुसार एक नीले रंग की टीवीएस जुपिटर स्कूटी क्रमांक ओ.डी. 24 एल 2264 को रोककर हमराह स्टाफ के तलाशी ली गई। तलाशी में स्कूटी वाहन के सामने एक सफेद बोरी के अन्दर में 3 पैकेट गांजा मिला। स्कूटी चालक से पूछताछ करने पर अपना मणीशंकर बनिक उर्फ मिट्टू पिता परिमल बनिक उम्र 27 वर्ष निवासी सिलाटी थाना उमरकोट जिला नवरंगपुर ओडिशा का रहने वाला बताया।

जिनके कब्जे से गांजा कुल 15.300 किलोग्राम कीमत 1 लाख 50 हजार रुपए एवं टीव्हीएस स्कूटर कीमत 90 हजार रुपए एवं एक नग मोबाइल कीमत 20 हजार रुपए कुल जुमला रकम 2 लाख 60 हजार को अपराध क्रमांक 179/2024 धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट में जब्त किया गया। थाना फरसगांव के अपराध क्रमांक 165/2024 एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 बी में एक अन्य आरोपी जयदेव साहा पिता जितेन्द्र साह उम्र 40 वर्ष निवासी खाडा यू.व्ही. 12 थाना उमरकोट जिला नवरंगपुर ओडिशा सोमवार को गिरफ्तार किया गया। दोनों के खिलाफ विधिवत कार्रवाई के बाद उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### ये रहे उपस्थित

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी संजय सिन्दे, सउनि सुरेन्द्र बघेल, सउनि किशोर प्रजापति, आर. रतिराम मण्डावी, बासुराम मरकाम, लक्ष्मीनारायण शोरी, प्रधान आरक्षक राजेन्द्र बघेल एवं सायबर सेल कोण्डागांव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# आयुष्मान कार्ड शिविर में दो हजार से अधिक ने लिया लाभ


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई ने आयुष्मान कार्ड कैंप का आयोजन किया। यह शिविर शहीद पंकज विक्रम वार्ड में महिला विंग अध्यक्ष राशि बलवानी के निवास में लगाया गया। शिविर का उद्घाटन सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विधायक सुनील सोनी ने किया। इस मौके पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि अभी तक 10 जगह आयुष्मान कार्ड शिविर सिंधी काउंसिल लगा चुका है और लगभग दो हजार से ज्यादा लोगों ने शिविर का लाभ लिया है, जिनका शिविर में कार्ड बनाया गया। इसी दौरान सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि मोदीजी की शानदार योजना है आयुष्मान कार्ड। हर वर्ग इसका अधिक से अधिक लाभ ले और बुजुर्ग, महिला, बच्चे, सामान्य वर्ग एवं बीपीएल सब लाभ उठाएं। सबसे सच्ची सेवा कर रहा है सिंधी काउंसिल। विधायक सुनील सोनी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बीजेपी सरकार की सबसे अच्छी योजना, जिसका लाभ हर वर्ग उठाए। इस शिविर में सचिन मेघानी, संजय रहेजा, सुनील कुकरेजा, डॉ. एनडी गजवानी, कमल विधवानी, मुखी चंदर देवानी, अभय आठवानी, प्रकाश बलवानी आदि शामिल थे।



# कबीर नगर की शाखा में संघ प्रमुख भागवत ने किया सूर्य नमस्कार और व्यायाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत रायपुर में हैं। तीसरे दिन सुबह को करीब नगर की व्यावसायिक शाखा में गए और वहां पर सभी के साथ सूर्य नमस्कार करने के साथ व्यायाम भी किया। यहां पर वे एक घंटे तक रहे। दोपहर में उन्होंने रायपुरा स्वयंसेवक रतन चक्रधर के निवास में भोजन किया। अब 31 दिसंबर को वे प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा के निवास में भोजन करेंगे। इसी दिन आरएसएस के अनुषांगिक संगठनों की बैठक भी होगी। जागृति मंडल में भी दिनभर बैठकों का दौर चला। इसमें पर्यावरण विषय पर पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों के साथ चर्चा हुई। संघ का फोकस इस समय पंच परिवर्तन पर है। हर दिन एक विषय पर चर्चा की जा रही है। पहली बार डॉ. भागवत साल के अंत में पांच दिनों के छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए हैं। इस प्रवास का मुख्य मकसद संघ को मजबूत करना है। संघ को मजबूत करने के लिए पंच परिवर्तन के विषय तय किए हैं। अपने दौरे में डॉ. भागवत राजधानी की शाखाओं में भी जा रहे हैं। दूसरे दिन सुबह से सत्र में वे कबीर नगर की व्यावसायिक शाखा में पहुंचे। इस शाखा में 40 वर्ष से ज्यादा के ऐसे स्वयंसेवक शामिल हैं, जो नौकरीपेशा या कारोबारी हैं। इस शाखा में डॉ. भागवत एक घंटे तक रहे।

**राजीव भवन में जुटे कांग्रेसियों ने उनके कार्यों को किया याद**

# कांग्रेसियों ने दिवंगत पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित करने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कांग्रेसियों ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

डॉ. मनमोहन सिंह का देश के लिए योगदान, प्रधानमंत्री और आर्थिक विशेषज्ञ के रूप में उनके कामकाज को याद किया। श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, डॉ. मनमोहन सिंह सही मायने में देशभक्त थे। अपनी बुद्धि और कौशल के माध्यम से उन्होंने



देश-दुनिया की अविस्मरणीय सेवा की। उनके नेतृत्व में भारत दुनिया के विकसित राष्ट्रों के समकक्ष खड़ा हो सका। देश की आर्थिक उन्नति में उनका बड़ा योगदान रहा है। उनका निधन देश के लिए, देश की राजनीति के लिए, कांग्रेस पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है।

### ये हुए शामिल

*श्रद्धांजलि सभा में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेंद्र साहू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यनारायण शर्मा, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, अमितेष शुक्ल, जयसिंह अग्रवाल, उपाध्यक्ष गुरमुख सिंह होरा, पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक विनय जायसवाल, अनिता शर्मा, महापौर एजाज ढेबर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र तिवारी, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, महामंत्री कन्हैया अग्रवाल, दीपक मिश्रा, सेवादल अध्यक्ष अरूण ताम्रकार, वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा, संजय पाठक, पूर्व महामंत्री अमरजीत चावला, मछुआ कांग्रेस अध्यक्ष एमआर निषाद, शहर जिलाध्यक्ष गिरीश दुबे, ग्रामीण जिलाध्यक्ष उधोराम वर्मा, पंकज शर्मा, प्रमोद चौबे, सुंदर जोगी, मदन तालेड़ा, बबीता नत्थानी, दिनेश शुक्ला, मोहनलाल साहू, घनश्याम क्षत्रिय, मनीराम साहू, बजरंग यादव, पिंकी बाघ, सोन ठाकुर, सोहन शर्मा, राजेंद्र जग्गी, संजय पाठक, सतीश जैन, मुन्ना मिश्रा सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।*

## पेज 9 के शेष

### नए साल में माड़ ...

इन्द्रावती इलाके में मौजूद हैं इन सभी बड़े नक्सल लीडर्स को घेरने की योजना केंद्र स्तर से बन चुकी है। जिस तरह से आपरेशन की तैयारी की जा रही है उससे प्रतीत होता है कि इस साल की शुरूआत से ही पूरे अबूझमाड़ को फोर्स घेरेगी। सूत्रों के मुताबिक अबूझमाड़ और इंद्रावती कोर इलाके में 4 सौ से अधिक हथियार बंद माओवादियों के मूवमेंट की खबर सुरक्षा बलों को मिल चुकी है। खुफिया इनपुट के आधार पर ही माओवादियों के ठिकानों में सुरक्षा बल बड़ा ऑपरेशन चलाने वाली है।

### मांगों को लेकर...

में यातायात पुलिस की तैनाती के बाद वाहनों को वापस लौटाया गया। ओडिशा मार्ग समेत दन्तेवाड़ा,चित्रकोट मार्ग चक्काजाम से मुक्त रहने से इन मार्गों पर यातायात हर दिनों की तरह सामान्य बना रहा। बंद के चपेट में रायपुर की ओर से निजी एवं स्वयं की वाहनों में जगदलपुर पहुंचने वाले पर्यटकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। अति आवश्यक सेवा को बंद और चक्काजाम से मुक्त रखा गया था। सोमवार सुबह से ही शहर के दुकानों में शटर डाउन थे। सीरासार,गोल बाजार,पुराना बस स्टैंड, कुम्हारपारा, धरमपुरा, नया बस स्टैंड आदि क्षेत्र में सुबह 6 से 11 बजे तक चाय-नास्ता ठेला,गुमटी तक पूरी तरह से बंद मिले। मेन रोड व्यापारी संघ ने बंद का विरोध किया था वे भी अपनी दुकानें दोपहर 12 बजे तक बंद रखे थे। दोपहर 12 बजे के बाद शहर की सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान खुलने से लोगो को राहत मिली।

### तीन वार्ड से ...

से मैं पहले भी पार्षद रहा हूं। वहां से भी समर्थकों की इच्छा है। अब पार्टी का जो भी निर्णय होगा वह सर्वमान्य रहेगा। 30 साल से नगर की सेवा करते आ रहा हूं जहां पार्टी को मेरी जरुरत होगी वहां सेवा करता रहूंगा।

**खबर संक्षेप**

### 4 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से पीड़ित के परिजनों को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अन्तर्गत नदी में डुबने से मृत्यु के एक प्रकरण में मृतक सीता राम पोड़ियम के निकटतम वारिस उनकी बहन बीमो पोड़ियम निवासी ग्राम रानीबोदली को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है।

### नहीं मिल रहीं 'सिंगल गर्ल चाइल्ड', बढ़ाई गई आवेदन तिथि

**रायपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सीबीएसई सिंगल गर्ल चाइल्ड स्कॉलरशिप के लिए पंजीकरण करने की आखिरी तिथि को बढ़ा दिया है। इस संबंध में आधिकारिक वेबसाइट पर एक नोटिस भी जारी किया गया है। ऐसे में जिन उम्मीदवारों को इस स्कॉलरशिप के लिए अप्लाई करना है वे सभी सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट cbse.gov.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आधिकारिक नोटिस के अनुसार, छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। यह स्कॉलरशिप उन सभी अविवाहित छात्राओं को दी जाएगी, जिन्होंने सीबीएसई कक्षा 10 की परीक्षा में 70 फीसदी या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं और जो सीबीएसई से संबद्ध स्कूल में कक्षा 11वीं और 12वीं की पढ़ाई कर रही हैं, जिनकी ट्यूशन फीस शैक्षणिक वर्ष के दौरान 2500 रुपये प्रति माह से अधिक नहीं है। कक्षा 11 और 12 में ट्यूशन फीस 3000 रुपये प्रति माह से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**निधन**

### कृष्ण कुमार शुक्ला



**जगदलपुर।** शिव मंदिर वार्ड निवासी कृष्ण कुमार शुक्ला (84) का सोमवार सुबह निधन हो गया। पिछले कुछ दिनों से वे बीमार थे। दो दिन पहले विशाखापतनम से उपचार के बाद वापस लौटे थे। आज सुबह लगभग 6 बजे निवास में अंतिम सांस ली। लोक निर्माण विभाग में बड़े बाबू से सेवानिवृत्त वे अंचल के जाने-माने कहानीकार थे। वे अपने पीछे पुत्र किरण शुक्ला व एक पुत्री समेत नाती पोतों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए। अंतिम संस्कार दोपहर बाद खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी ब्राम्हण समाज के लोग सम्मलित हुए।

**विरोध : आदिवासी समाज और राजनीतिक दल भी उतरे समर्थन में**

# आरक्षण कटौती के विरोध में 3 घंटा चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

नगरीय निकाय चुनाव में आरक्षण कटौती से नाराज पिछड़ा वर्ग समाज ने सोमवार को बस्तर संभाग महाबंद का ऐलान किया था। इसी कड़ी में सुकमा जिले में बंद का व्यापक असर देखने को मिला। जिला मुख्यालय में बड़ी संख्या में समाज के लोग बस स्टैण्ड के सामने नेशनल हाईवे 30 पर बैठ गए और तीन घंटे तक धरना-प्रदर्शन किया। ओबीसी समाज के बंद और चक्काजाम को सर्व आदिवासी समाज और राजनीतिक दलों ने भी समर्थन दिया।

पिछड़ा वर्ग समाज का कहना है कि सरकार द्वारा नगरीय निकाय चुनाव में जो आरक्षण तय किया गया है उसे निरस्त किया जाए। फिर से आरक्षण रोस्टर जारी कर ओबीसी समाज को आरक्षण का लाभ दिया जाए। मांगें पूरी नहीं होने पर समाज ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। वही इस प्रदर्शन का कांग्रेस ने भी समर्थन किया है।



छग सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के जिला अध्यक्ष धनीराम यादव ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत जिस प्रकार से सरकार द्वारा आरक्षण में कटौती कर पिछड़ा वर्ग को अधिकार से वंचित किया जा रहा है इसे लेकर के अन्य पिछड़ा वर्ग आक्रोशित है।

पिछड़ा वर्ग के लिए निर्धारित 25 प्रतिशत को शिथिल करते हुए 50 प्रतिशत करने का प्रावधान किया है, जो कि बस्तर संभाग व दुर्ग संभाग के दो जिले मोहला मानपुर व बालोद जिले के पिछड़ा वर्ग के लोगों के लिए लगभग शून्य है। क्योंकि 50 प्रतिशत आरक्षण बस्तर व सरगुजा संभाग को नहीं मिल पा रहा है। बस्तर में अन्य पिछड़ा वर्ग भी निवासी व भारतीय संविधान में हमें अधिकार स्वरूप प्रावधान है कि जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण प्रदत्त होना हमारा संवैधानिक अधिकार है। लेकिन सरकार ने बस्तर में निवासरत अन्य पिछड़ा वर्ग समाज का आरक्षण कम या शून्य कर हमारे समाज के साथ छल कर रहे हैं। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी, पूर्व विधायक मनीष कुंजाम, रामा सोढ़ी समेत अन्य मौजूद रहे।

#### आरक्षण खत्म करने का प्रयास कर रही भाजपाः हरीश

जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने कहा कि भाजपा संविधान विरोधी है इसलिए आरक्षण जैसे मौलिक अधिकार को खत्म करना चाहते हैं। ऐसा कर भाजपा सरकार पिछड़ा वर्ग को आगे बढ़ने से रोक रही है। भूपेश बघेल की तत्कालीन कांग्रेस की सरकार ने 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 फीसदी ओबीसी, 32 परसेंट एसटी और अन्य सामान्य वर्ग को 4 परसेंट देने का प्रस्ताव विधानसभा में पारित कर राज्यपाल के पास भेजा गया। लेकिन भाजपा की केंद्र सरकार ने इसे रोक दिया। आज 14 प्रतिशत आरक्षण मिलने वाले ओबीसी समाज को शून्य पर लाकर खड़ा कर दिया है।

**बंगाली कैंप में करोड़ों का मटन मछली मार्केट बना खंडहर**

## शहर में अलग-अलग जगह बिक रही चिकन और मछलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

छत्तीसगढ़ के सबसे धनी किरंदुल नगर पालिका अपने अव्यवस्थित बाजार के लिए सुर्खियों में बना हुआ है। किरंदुल शहर में अलग-अलग चौक और चौराहों पर सड़क किनारे खुलेआम चिकन और मछलियों की दुकाने संचालित हो रही हैं।

शहर के चौक चौराहों पर मटन मछली की दुकानें संचालित होने से शहर में चारों तरफ गंदगी फैल रही है। पालिका द्वारा अस्थाई मटन मछली मार्केट रेलवे स्टेशन के पास बनाया गया है। जहां एनएमडीसी का लौह अयस्क रेलवे की गाड़ियों के रैक में लोडिंग कर दूसरे राज्यों में भेजा जाता है। रेलवे का लोडिंग स्थान होने के कारण लौह चूर्ण हवा के साथ मटन एवं मछलियों के ऊपर आने से ग्राहक के स्वास्थ्य में संक्रमण का खतरा बना रहता है। जिस ओर पालिका के अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं है। बंगाली कैंप में सालों पहले नगर पालिका द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर मटन मछली मार्केट का निर्माण कराया गया था। उस मार्केट को अब तक नगर पालिका द्वारा चालू नहीं करवाया गया है। नगर पालिका की करोड़ों की संपत्ति खंडहर में तब्दील होती जा रही है। दंतेवाड़ा बचेली जैसे शहरों में मटन मछली की अलग से एक ही मार्केट संचालित हो रही है। वहीं किरंदुल शहर में मेन मार्केट, बंगाली कैंप, प्रकाश विद्यालय स्कूल के सामने , गुजरात कैंप, रेलवे कालोनी ,अलग-अलग चौक चौराहों में खुलेआम सड़कों के किनारे मटन मछली की दुकानों को संचालित किया जा रहा है।



#### समस्या दूर करने जनप्रतिनिधि बेखबर

इस ओर ना किसी जनप्रतिनिधि और ना ही अधिकारियों का ध्यान है कई बार बंगाली कैंप मटन मछली मार्केट संचालन करने की मांग भी की गई। परंतु नगर पालिका द्वारा करोड़ों रूपया खर्च कर बनाए गए मटन मछली मार्केट को चालू करने में किरंदुल नगरपालिका के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण कोई रुचि नहीं दिखा रहे हैं। जो अव्यवस्थित किरंदुल शहर के लिए सोचनीय विषय है।

#### मटन मार्केट में शिफ्ट होंगे सभी दुकानें

मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशि भूषण महापात्र ने कहा कि आगामी समय में इसकी रूपरेखा तैयार कर किरंदुल शहर के चौक चौराहों पर संचालित सभी मटन मछली दुकानों को बंगाली कैंप में बनाए गए मटन मछली मार्केट में शिफ्ट किया जाएगा।

## नरैया तालाब में टॉय ट्रेन और बटरफ्लाई पार्क के लिए टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ तेलीबांधा तालाब की तर्ज पर मल्टी-एक्टीविटी शुरू करने तय होगी एजेंसी

टिकरापारा के नरैया तालाब के चारों ओर टॉय ट्रेन की सवारी करने अभी थोड़ा इंतजार और करना होगा। संगीत के साथ जुम्बा और उछलकूद करने यहां जंपिंग जोन बनेगा। नगर निगम जोन-6 ने रुचि की अभिव्यक्ति मंगाई है। टेंडर खुलने के बाद एजेंसी तय की जाएगी। प्रोजेक्ट के तहत रंगीन तितलियों को आकर्षित करने नरैया तालाब किनारे बटरफ्लाई पार्क भी बनाया जाएगा। राजधानीवासियों के लिए तेलीबांधा के मरीन ड्राइव की तर्ज पर शहीद पंकज विक्रम वार्ड स्थित नरैया तालाब अब पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने की तैयारी है। इसके लिए 1 करोड़ खर्च कर योग के लिए पक्का शेड, बच्चों के मनोरंजन के लिए टॉय ट्रेन तालाब के चारों किनारों की सैर कराने चलाई जाएगी। इसी तरह मल्टी-एक्टिविटी के तहत संगीत के साथ जुम्बा डांस, उछलकूद करने जंपिंग जोन एरिया बनाया जाएगा। शहरवासियों को आकर्षित करने रंगीन तितलियों को लुभाने वाले पौधे लगाकर बटरफ्लाई पार्क बनाया जाएगा, इसमें मेंटेनेंस की शर्त अनुबंध में शामिल रहेगी।



फाइल फोटो

#### किया है टेंडर

नरैया तालाब को पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने मल्टी-एक्टीविटी शुरू की जाएगी। इसके लिए जोन से ऑनलाइन टेंडर किया गया है। जल्द ही एजेंसी तय की जाएगी।

- **रमेश जायसवाल,** कमिश्नर, जोन-6

## पंचायत चुनाव के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने कार्यक्रम जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश के पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 कराये जाने हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पूर्व में जारी निर्वाचक नामावली तैयार करने के कार्यक्रम (समय अनुसूची में संशोधन किया गया है। इसके अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार करने का 1 जनवरी 2025 के प्रति निर्देश से निर्वाचक नामावली तैयार करने के कार्यक्रम समय अनुसूची निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम समय अनुसूची के द्वितीय चरण अंतर्गत मंगलवार 31 दिसम्बर 2024 को निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन कर दावा तथा आपत्तियां प्राप्त किया जाएगा तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को निर्वाचक नामावली उपलब्ध कराया जाएगा। दावे-आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि सोमवार 6 जनवरी 2025 को अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित की गई है। दावा-आपत्तियों का निपटान गुरुवार 9 जनवरी 2025 तक किया जाएगा। प्रारूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि शुक्रवार 10 जनवरी 2025 तक है।

## जमीन दलालों पर कार्रवाई करने कलेक्टर को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

■ कलेक्टर ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया

एकता परिसर पातररास दंतेवाड़ा में सर्व मूल बस्तरिया समाज अध्यक्ष सत्यनारायण कर्मा ने दंतेवाड़ा जिला में चल रहे जमीन दलालों के द्वारा फर्जी रजिस्ट्रेशन पर रोक लगाने की मांग की है। कलेक्टर ने दोनों ही विषयों पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।



कलेक्टर को ज्ञापन देने पहुंचे समाज प्रमुखों में सत्यनारायण कर्मा, त्रिपुरारी मंडावी, मोहम्मद कासिम खान, नागेश जायासवाल, सत्यनारायण, ठाकुर नीलम ठाकुर, श्यामा चरण परगनिया, कुड़ीराम नाग रंजीत देवांगन, पीलाराम सिन्हा, हरियादव, दिलीप सिन्हा दयाल सिन्हा एस आर नाग, नरेंद्र साहू, नारायण साहू, विश्वनाथ भारद्वाज, रमातुला खान, नंदलाल राठौर, मुनूवर्गीस, मोहन सेन हेमंत ठाकुर शामिल थे।

**महतारी वंदन योजना से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम**

## बच्चों के भविष्य की चिंता हुई कम : लक्ष्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

मेरा सपना रहा कि अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए आत्मनिर्भर रहूं। इन सपनों में धुंधलापन आ गया था। वर्तमान में मजदूरी करके अपना और अपने परिवार का गुजारा कर रहे हैं। मेरे परिवार में मेरे पति और दो बच्चे हैं। मेरे पति और मैं मजदूरी कर अपनी और बच्चों की आवश्यकताओं को पूरी करते हैं। अभी एक बच्चा स्कूल जाने लगा है और दूसरा आंगनबाड़ी में जाता है। महतारी वंदन योजना की हितग्राही लक्ष्मी यादव उम्र 31 वर्ष ने बताया कि हम मजदूरी करते हैं जिससे आय का कोई निश्चित साधन नहीं है। कई बार बच्चों को अपनी जरूरतों से समझौता करना पड़ता था। ऐसे में कई बार हम दूसरों पर आर्थिक सहायता के लिए ज्यादा आश्रित रहते थे। घर के पास में ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रहती हैं। उन्होंने हमें सरकार की महतारी वंदन योजना के बारे में बताया। इस योजना का लाभ ले सकते हैं।



योजना के बारे में जानकारी मिली तो आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन किया। आवेदन करने के कुछ दिन बाद डीबीटी के माध्यम से मेरे बैंक खाते में एक हजार रूपए की राशि जमा हो गई। परिवार की जरूरत पूरी करने की खुशी बढ़ गई।

## विधायक ने विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

तोकापाल मण्डल के डेंग छापरभानपुरी में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने ग्रामीणों को दी 20 लाख के विकास कार्यो की सौगात। जिसमें परदेशीन माता देव गुड़ी भवन निर्माण, सीसी सड़क, और पुलिया शामिल है। डेंग छापरभानपुरी के ग्रामीणों ने विधायक से मिलकर गांव की समस्याओं की मांग किया था। जिसमें विधायक ने तत्काल स्वीकृति प्रदान कर ग्रामीणों को सौगात दी है। श्री गोयल ने कहा कि गांव में जो भी शेष कार्य बचे हुए हैं उसे भी आने वाले समय में पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रैतूराम बघेल सरपंच मुना कश्यप, जीवनाथ मौर्य, मण्डल अध्यक्ष सोमारू कश्यप, मंगतू कश्यप, बबलू नाग, सुभाष कश्यप, लक्ष्मण राणा, अन्तराम कश्यप, गणपति सोम, हेमचंद सोम, लल्लू कश्यप, सतीश अग्रवाल, भरत कश्यप सहित ग्रामीण उपस्थित रहें।

## संगठन मंत्री ने विद्यालय समिति व आचार्यों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में क्षेत्रीय संगठन मंत्री भालचंद रावले मुख्यालय भोपाल का प्रवास हुआ। वे पूर्व में छत्तीसगढ़ प्रांत के संगठन मंत्री रह चुके है। उनके साथ में विभाग समन्वयक संगम लाल पांडे भी उपस्थित रहे।



उन्होंने आचार्यों व विद्यालय समिति की बैठक लेकर विद्यालय की गतिविधि व देश हित में बच्चों को देशभक्त बनने के लिए समाज सेवक, परमार्थ करने के लिए सदाचार को और मजबूत करने के लिए कहा। साथ ही वर्तमान स्थिति में अंग्रेजी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हम नियमित्त भाई- बहनों से अंग्रेजी में बात करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि कक्षा में भाई- बहनों को कैसे पढ़ाई, नेतृत्व कैसे करें, माता-पिता समाज व देश के प्रति उनमें जुनून और जज्बा तैयार करें। जिससे भविष्य में देश सेवा करते हुए सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति को मजबूती से सारे संसार में रख सकें ऐसे बालकों का हमें निर्माण करना चाहिए। इस बार ध्यान देने की आवश्यकता है।

बैठक पूर्व मां भारती के समक्ष द्वीप प्रज्वलन पूजा अर्चना कर किया गया। विद्यालय के आचार्य गोवर्धन ठाकुर, दशरथ एवं जैन सिंह यादव ने तिलक वंदन पुष्पगुच्छ व आचार्य वेश देकर सम्मानित किया। शांति मंत्र के साथ बैठक का समापन हुआ।




Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### करीतगांव में सेचुरेशन कैंप का आयोजन



जगदलपुर। जिला प्रशासन द्वारा बकावंड विकासखंड के ग्राम पंचायत करीतगांव में नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत शासकीय योजनाओं की गांव में प्रत्येक परिवार तक पहुंच बनाने और योजनाओं का लाभ देने के दृष्टि से एक दिवसीय सेचुरेशन कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में राजस्व विभाग से संबंधित कार्य, आधार कार्ड निर्माण और अपडेशन, बैंक खाता खोलने, आयुष्मान कार्ड निर्माण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और उपचार, टीबी- मलेरिया परीक्षण, श्रम पंजीयन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का पंजीयन, किसान क्रेडिट कार्ड निर्माण, कौशल विकास के द्वारा युवाओं का पंजीयन के साथ ही उद्योग, वन, महिला एवं बाल विकास, जिला पंचायत के एनआरएलएम, स्वच्छ भारत मिशन, स्कूल शिक्षा, क्रेडा, विद्युत,पशुधन विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के विभाग के अधिकारी और मैदानी अमला ने योजनाओं के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी गई और ग्रामीणों ने शिविर में पहुंचकर योजनाओं की जानकारी ली। शिविर में ब्लॉक स्तरीय अधिकारी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### लॉ फॉर ऑल कार्यक्रम 18 व 19 को किया जाएगा

जगदलपुर। जिला प्रशासन द्वारा आइडिया चेरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से आगामी 18 एवं 19 जनवरी को जिले के सभी विकासखण्डों में लॉ फॉर ऑल प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत प्रत्येक विकासखण्ड में उक्त विषय पर हाईस्कूल स्तर के रूचि लेने वाले छात्र-छात्राएं सम्मिलित किए जाएंगे। लॉ फॉर ऑल प्रोग्राम का उद्देश्य वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को विधि में करियर के अवसरों के बारे में जागरूक करना है और क्लेट जैसे कानून प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करना है। यह सत्र विद्यार्थियों को लॉ के क्षेत्र में संभावनाओं को समझने में मदद करेगा और जो छात्र-छात्राएं विधि की पढ़ाई में रुचि रखते हैं, उन्हें मार्गदर्शन प्रदान करेगा। साथ ही यह कार्यक्रम लॉ की शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को जागरूक करेंगा। इनक्रेसिंग डायवर्सिटी बाय इनक्रेसिंग एसेस चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के अंतर्गत आने वाले वंचित छात्र-छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा हेतु प्रोत्साहित किया जाता है। अतएव ऐसे विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाता है, ताकि यह कार्यक्रम उन्हें न केवल मार्गदर्शन प्रदान करता है, बल्कि लॉ की पढ़ाई के लिए वित्तीय सहायता भी मुहैया करवाता है। उक्त लॉ फॉर ऑल प्रोग्राम 18 जनवरी को दरभा, बस्तानार, लोहंडीगुड़ा एवं तोकापाल और 19 जनवरी को जगदलपुर, बस्तर एवं बकावंड में आयोजित की जाएगी।

### दण्डाधिकारी जांच के लिए उपस्थित होने की सूचना

बीजापुर। 11 दिसम्बर को थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मुनगा, सावनार के मध्य जंगल पहाड़ में नक्सलियों और पुलिस के बीच हुई घटना जिसमें 1 पुरूष माओवादी का शव उम्र करीबन 22 से 25 वर्ष जो लाल रंग का चेकदार फुलशर्ट एवं काला रंग का पेंट पहना हुआ था जिसमें शव के पास से ऑटोमेटिक पिस्टल 1 मैग्जीन 1 , जिंदा राउण्ड 2, टिफिन बम 1 , कुकर बम 1 , कार्डेक्स वायर 5 मीटर सहित अन्य नक्सल सामग्री बरामद की गई है। उक्त संबंध में जिस किसी को भी जानकारी हो तो 15 जनवरी तक न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

---

अराजकता : दबंगों की खुलेआम दादागिरी, मोटी रकम की मांग

# अपने ही रजिस्ट्री जमीन का हक पाने भटक रहा भूमि स्वामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहर से लगे पंचायतों में रजिस्ट्री जमीन पर दबंगों की नजर है। रजिस्ट्री जमीन पर विवाद पैदा कर जमीन को हथियाने का प्रयास किया जा रहा है। इसलिए रजिस्ट्री जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। जमीन को कब्जामुक्त करने पीड़ित को न्याय की गुहार करना पड़ रहा है। भू-स्वामी से मोटी रकम की डिमांड भी की जा रही है। गांव की महिलाओं को सामने ला कर विरोध प्रदर्शन करते हुए भू स्वामी को अपने ही जमीन पर कब्जा नही करने दिया जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद भी पीड़ित भू स्वामी तहसील व कलेक्ट्रेट कार्यालय का चक्कर लगा रहा है और जब भी भू स्वामी अपने रजिस्ट्री भूमि पर कब्जा करने गांव पहुंचता है तो दबंगों द्वारा मारने पीटने की धमकी दिया जा रहा है। साथ ही जमीन छोड़ने के एवज में पीड़ित भू स्वामी से लाखों रुपये की मांग की जा रही है। मामला नगरनार स्टील प्लांट से लगे माड़पाल पंचायत का है जहां एक बड़े जमीन के हिस्से में मरघट की जमीन भी शामिल है। उसी से सटे रजिस्ट्री जमीन भी है और पीड़ित भू स्वामी लगातार अपने रजिस्ट्री जमीन में हक पाने के लिए सांसद बस्तर और कलेक्टर से मिलकर गुहार लगाई है। पीड़ित संजीव जैन ने बताया कि 2006 में जमीन देवांगन से क्रय किया था। क्रय करने के पूर्व सभी कागजात 34-35 और 51-52 सही रहने के बाद जमीन रजिस्ट्री कराई। 2021 में सीमांकन भी कराया अब कुछ लोग विवाद की स्थिति निर्मित कर रहें हैं।

#### कलेक्टर ने दिए जांच के निर्देश

भू-स्वामी ने बताया कलेक्टर हरीश एस से मुलाकात कर सम्पूर्ण दस्तावेज के साथ वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया है। उन्होंने स्थल पर भौतिक सत्यापन व माप झोक कराकर न्याय देने का आश्वासन दिया है। एक सप्ताह के भीतर भू-स्वामी को उसके हक की जमीन दिलाने का भरोसा दिया गया है।

---

# संघ समाज परिवर्तन का महाआंदोलन है : नायक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- दोरनापाल में व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन

व्यक्तित्व विकास शिविर, जो राष्ट्र की संस्कृति और परंपरा को अक्षुण बनाए रखने तथा भारत को एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है, युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण केंद्र है। यह शिविर न केवल युवाओं को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और गौरवशाली इतिहास का ज्ञान प्रदान करता है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और समाज के प्रति समर्पित बनाने के लिए शारीरिक व मानसिक प्रशिक्षण भी देता है। सुकमा जिले के दोरनापाल में आयोजित इस शिविर का समापन समारोह 29 दिसंबर को हुआ। 22 दिसंबर से शुरू हुए इस कार्यक्रम में युवाओं को भारतीय ज्ञान-विज्ञान की प्राचीन परंपराओं और विश्व योगदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही शारीरिक प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मरक्षा, समाज रक्षा और राष्ट्र रक्षा के लिए सक्षम बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया।

#### सीखे दंड संचालन, योग व व्यक्तित्व निर्माण

शिविर में नियुद्ध, दंड संचालन, समता और योग का प्रशिक्षण भी दिया गया, जो युवाओं को न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनाता है, इस शिविर में राष्ट्रीय चरित्र निर्माण और समाज के प्रति समर्पण की भावना विकसित करने पर जोर दिया गया।

---

# नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में मुक्त मोर्चा की ताकत संभाग में बढ़ेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- संभागीय बैठक में कार्यकर्ताओं ने अजीत जोगी को सपने का साकार करने का लिया संकल्प



बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के संयोजक नवनीत चांद एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश उपाध्यक्ष टांकेश्वर भारद्वाज ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि सर्वांगीण विकास और श्रेष्ठ बस्तर को लेकर मुक्ति मोर्चा ने बस्तर से लेकर दिल्ली तक आवाज उठाई है । परिश्रम से बस्तर के आम लोगों के दिलों में जगह बनाई है इससे हमारी शक्ति , और उत्साह के साथ ही जिम्मेदारी भी बढ़ी है। उन्होंने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के रास्ते पर चलते रहेंगे और श्रेष्ठ बस्तर को लेकर हमारी लड़ाई जारी रहेगी।

नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में बस्तर के विकास को लेकर मुक्ति मोर्चा राजनीतिक रूप में मजबूत विकल्प बनने के साथ दृढ़ संकल्प के साथ संपूर्ण बस्तर संभाग में अपने साथियों प्रकोष्ठों एवं संस्थाओं के माध्यम से कदम से कदम मिलाकर चलते रहेंगे । टंकेश्वर भारद्वाज के नेतृत्व में संभागीय स्तर पर सभी जिला प्रमुख एवं संभाग के पदाधिकारी नवनीत चंद एवं बस्तर संभागीय महामंत्री रामनाथ नेगी एवं महिला संभागीय अध्यक्ष बेला तेलाम के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी को उपस्थिति में प्रस्ताव पास किया गया । इस मौके पर रैमोन मड़कामी उदय भंडारी लखमा कोरराम नीलांबर भद्रे विवेक पांडे धन सिंह बघेल रामलाल तमो संगीता सरकार अंकित गुरु दत्ता जदुराम नेताम किरण नाग महेंद्र साथी कुरसो राम मौर्य हरेराम दास नरेंद्र देवांगन चंदन नेताम भरत कौशिक विनोद सोरी पी.एल. विश्वकर्मा चेतन गवाल कमल बघेल चंदन नाग बली कचलाम चाम सिंह कश्यप मेहताब सिंह उपस्थित थे।

---

# पंचायत चुनाव के लिए सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन 2024-25 के लिए जनपद पंचायत बीजापुर के विकेन्द्रीकृत स्थानों में सरपंच, पंच के नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने हेतु सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया गया है। जिसके तहत ग्राम पंचायत मोरमेड़, तोयनार, पापनपाल, मिड़ते, धनोरा एवं बोरजे के लिए सरपंच, पंच पद हेतु सहायक रिटर्निंग आफिसर अभिषेक शर्मा उप अभियंता जनपद पंचायत बीजापुर को नियुक्त किया गया है। उक्त पंचायतों का नाम निर्देशन पत्र ग्राम पंचायत भवन तोयनार में प्राप्त किया जा सकेगा। इसी तरह ग्राम पंचायत नैमेड़, एरमनार, दुगोली, कैका, पेदाकोड़ेपाल एवं कडेर के लिए दिनेश भोयर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सहायक रिटर्निंग अधिकारी होंगे एवं उक्त पंचायतों के लिए नाम निर्देशन पत्र ग्राम पंचायत नैमेड़ में प्राप्त होगा। कांदुलनार, चिन्नाकवालीर, इंटपाल, मुसालूर, तुमनार, मनकेली, संतषपुर के लिए राम सूरत बेक सहायक संचालक रेशम, सहायक रिटर्निंग अधिकारी होंगे एवं नाम निर्देशन पत्र ग्राम पंचायत भवन बीजापुर से प्राप्त होगा।

ग्राम पंचायत चेरपाल, कडेनार, रेड्डी, पदमूर, कमकानार के लिए भुवनेश्वर कंवर सहायक अभियंता छग ग्रासवि अभि. बीजापुर, रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है एवं नाम निर्देशन पत्र ग्राम पंचायत चेरपाल में प्राप्त होगा। ग्राम पंचायत तोड़का, पालनार, पदेड़ा, पेदाकोरमा के लिए भास्कर राव ओचार उप अभियंता छग ग्रासवि अभि. बीजापुर, सहायक रिटर्निंग अधिकारी होंगे तथा राजीव गांधी सेवा केन्द्र चेरपाल से नाम निर्देश पत्र प्राप्त होगा। ग्राम पंचायत गोंगला, पुसनार, बुरजी, गंगालूर के लिए एमएन लकड़ा विकास विस्तार अधिकारी जप बीजापुर, सहायक रिटर्निंग अधिकारी होंगे तथा पंचायत भवन गंगालूर से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया जाएगा।

ग्राम पंचायत मेटापाल, पीडिया, गमपुर, डोडीतुमनार के लिए डीआर बघेल सहा. आलेपरी एवं करा. अधिकारी जप बीजापुर सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है एवं उक्त पंचायतों का नाम निर्देशन पत्र पीडीएस भवन डोडीतुमनार गंगालूर से प्राप्त होगा। वहीं सुरेन्द्र सिंह मरकाम, सहा. अभियंता लोक निर्माण विभाग एवं विपिन कुमार चौबे वन क्षेत्रपाल गंगालूर को रिजर्व में रखा गया है।

---

# टीबी मरीजों को मिला पोषणयुक्त आहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- रोटरी क्लब और स्वास्थ्य विभाग का संयुक्त आयोजन

रोटरी क्लब ऑफ जगदलपुर एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टीबी मरीजों को आवश्यक पोषण युक्त खाद्य सामग्री प्रदान की गई। क्लब के अध्यक्ष विवेक सोनी ने बताया की पंजाब सनातन समाज भवन में आयोजित कार्यक्रम में टीबी से पीड़ति मरीजो को खाद्य पदार्थ वितरण किया गया और मरीज एवं आए परिजनों को टीबी के बारे में जागरूक किया गया। संचालन श्रीधर मद्दी ने किया। पंजाब सनातन समाज के अध्यक्ष नवरत्न जलोटा तथा सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी ने अपनी बात रखी। डॉ संजय बसाक सीएमएचओ, डॉ सीएस मैत्री, डॉ रीना लक्ष्मी, वंदना साहू, देवेंद्र निषाद, भूषण सोने, कमलेश गोलछा, संदीप पारख, दिनेश कागोत, विवेक जैन एवं अन्य उपस्थित थे।

---

# भाजपा के सुशासन में बीजापुर में चरमराई शिक्षा व्यवस्था : ताटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

- जिला पंचायत सदस्य ने लगातार हो रही मौत पर लगाये गंभीर आरोप

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में बीजापुर जिले की शिक्षा व्यवस्था चरमरा गयी है। जिले में संचालित आवासीय विद्यालयों, पोटा केबिन, आश्रम और छात्रावासों में अध्ययनरत बच्चों की लगातार किसी न किसी कारण से मौतें हो रही हैं। माता-पिता भरोसे के साथ अपने बच्चों को विद्यालय भेजते हैं, उनमें पसरी अव्यवस्थाओं के चलते वह भरोसा न केवल ध्वस्त हो रहा है, बल्कि उनके जीवन में अपने बच्चों को खोने का अँधेरा फैलता जा रहा है। यह विचार बीजापुर जिला पंचायत सदस्य बसंतराव ताटी ने प्रेस विज्ञप्ति में कही है।

उन्होंने कहा आवासीय संस्थाओं में पढ़ने वाले बच्चे किसी अनहोनी की आशंका से दहशत में हैं। बीते दिनों लगातार हुई घटनाओं के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए ताटी ने कहा कि प्री मेट्रिक बालक छात्रावास चेरामंगी की कक्षा सातवीं



में पढ़ने वाला 13 वर्षीय छात्र जेवियर खुजूर ने 27 फरवरी को फांसी लगा ली। 6 मार्च को आवापल्ली पोटा केबिन में आग लगने की वजह से चार वर्षीय मासूम बालिका लिप्सा की जलने से दर्दनाक मौत हो गयी। 19 अप्रैल को तारलागुड़ा निवासी 20 वर्षीय छात्रा रजनी यालम ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। 12 जुलाई को तारलागुड़ा पोटा केबिन के ही कक्षा चौथी की 9 वर्षीय छात्रा दीक्षिता रेगा और 14 जुलाई को संगमपल्ली पोटा केबिन में कक्षा तीसरी की छात्रा वेदिका जव्वा की मलेरिया से मृत्यु हो गयी है। 8 अगस्त को कन्या आश्रम बेदरे में कक्षा दूसरी की छात्रा अनीता कुरसम की और 27 सितम्बर को पोर्ट केबिन दुगलमगुड़ा के छात्र राकेश पुनेम की मौत उलटी दस्त से हुई है। अभी मौतों का यह सिलसिला थमा ही नहीं था कि माता रुक्मणि कन्या आवासीय विद्यालय धनोरा की छात्रा शिवानी की मौत 10 दिसम्बर को जहरीले भोजन खाने से हुई है।

उन्होंने कहा कि 11 दिसम्बर को नैमेड़ पोटा केबिन में भी कक्षा दसवीं की छात्रा विमला कवासी की बीमारी से मृत्यु हुई है। 16 दिसम्बर को पोटा केबिन भटवाड़ा के कक्षा चौथी के छात्र टंकेश्वर नाग की मृत्यु भी मलेरिया से हुई है। जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर औपचरिकता निभाने का काम किया जा रहा है। जिससे आज पर्यंत दोषी अधीक्षकों को सिर्फ पद से पृथक किया गया।

---

# एससी को पर्याप्त आरक्षण नहीं देने पर माहरा समाज में असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगरीय निकाय चुनाव में नगर पालिका निगम व बस्तर नगर पंचायत के चुनाव में जनसंख्या के अनुपात में अनुसूचित जाति वर्ग को आरक्षण न देने पर माहरा समाज ने आक्रोश जताया है। वहीं सरकार पर समाज के साथ भेदभाव बरतने का आरोप लगाया है। समाज के संभाग अध्यक्ष शामू कश्यप ने जारी बयान में कहा कि समाज की ओर से जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण की मांग को लेकर पूर्व में भी पंचायत ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय निकाय सचिव से मांग की गई थी, लेकिन समाज की भावनाओं का सम्मान नहीं किया गया। नगर निगम में महज दो सीटें ही आरक्षित की गई हैं, जबकि समाज की जनसंख्या के अनुपात में 12 सीटें दी जानी चाहिए थी। इसी प्रकार अजा बाहुल्य बस्तर नगर पंचायत में एक भी सीट अजा वर्ग के लिए आरक्षित नहीं की गई। यह दुर्भाग्यजनक है। शामू ने कहा



कि माहरा जाति को भारत सरकार ने अजा वर्ग में शामिल किया है। इससे अजा वर्ग की संख्या में निश्चित रूप से बढोत्तरी हुई है। इसके बावजूद समाज के लोगों को पंचायत व नगरीय निकाय में उचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया जा रहा है। कश्यप ने कहा कि पूर्व सरकार ने आमागुड़ा चौक में जगतू माहरा व धरमपुरा में धरमू माहरा प्रवेश द्वार बनाने मंजूरी की थी, लेकिन मौजूदा सरकार के एक मंत्री की हठधर्मिता के चलते इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। भविष्य में समाज आंदोलन करने बाध्य होगा।

---





स्पेशल ट्रेन से-18 अप्रैल से 24 अप्रैल 2025

जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है.... सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

माता वैष्णव देवी
हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)

राशिः-स्लीपर-8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/ (+ 5% GST)

Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411


# ग्रामीण युवा ने मछलीपालन से की लाखों की आमदनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- तीन बॉयोफ्लॉक टैंक के साथ की व्यवसाय की शुरुआत



जिले के बस्तर विकासखण्ड अंतर्गत छोटे से गांव भरनी के युवा सुजीत प्रजापति ने मछलीपालन का व्यवसाय कर लाखों की आमदनी की है। सेवानिवृत्त विद्युत लाईनमेन के 24 वर्षीय पुत्र सुजीत ने मैकेनिकल में पॉलिटेक्निक की पढ़ाई के बाद मछलीपालन में रुचि दिखाई, इस दौरान बीबीए की पढ़ाई भी जारी रखी। इस दौरान मछलीपालन की नई तकनीक बॉयोफ्लॉक को देखकर सुजीत को भी इस व्यवसाय ने आकर्षित किया और उन्होंने सात वर्ष पूर्व इस व्यवसाय से जुड़ने का निश्चय किया और तीन बॉयोफ्लॉक टैंक के साथ व्यवसाय की शुरुआत की। अत्यंत नई तकनीक तथा इस क्षेत्र में किसी मार्गदर्शक के नहीं होने के कारण पहले वर्ष उन्हें व्यवसाय में नुकसान भी हुआ, लेकिन उन्होंने व्यवसाय को निरंतर जारी रखने का निर्णय लिया। दूसरे वर्ष थोड़ा अनुभव बढ़ने का फायदा मिला और इस व्यवसाय में लाभ परिलक्षित हुआ। सुजीत के मछलीपालन के प्रति रुचि को देखते हुए मत्स्यपालन विभाग ने भी सहयोग करने का निर्णय लिया। इसके बाद सुजीत ने सात बॉयोफ्लॉक टैंकों में मछलीपालन प्रारंभ किया। इसकी लागत लगभग साढ़े सात लाख रुपए आई। विभाग द्वारा 40 फीसदी अनुदान दिया गया, जिससे उसे मात्र साढ़े चार लाख रुपए खर्च करना पड़ा। सुजीत बताते हैं कि गत वर्ष मात्र 40 हजार रुपए के मछली बीज से लगभग नौ लाख रुपए से अधिक के मछली तैयार किए और मछलीपालन के खर्च को जोड़ भी दिया जाए, तब भी लगभग चार लाख रुपए की शुद्ध आय प्राप्त हुई। अब उसके अनुभवों का लाभ दूसरे किसान भी उठा रहे हैं और उनके मार्गदर्शन में मछलीपालन कर रहे हैं। अब वे मछलीपालन के साथ ही मछली चारा उत्पादन का व्यवसाय भी कर रहे हैं, जिससे क्षेत्र के मछलीपालक किसानों को मत्स्य आहार के लिए दूसरे क्षेत्रों पर निर्भर न रहना पड़े। उन्होंने अपनी इस सफलता के लिए मछलीपालन विभाग के साथ ही अपने माता-पिता और भाई को श्रेय देते हैं।

#### परिवार का मिला साथ

उन्होंने कहा कि व्यवसाय की शुरुआती असफलता के बावजूद माता-पिता और भाई ने पूरा समर्थन दिया, जिससे वे इसे और अधिक परिश्रम व अनुभव से इस व्यापार में लाभ प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे तिलापिया और पंगेशियस मछली का पालन कर रहे हैं, जिसकी तेजी से वृद्धि होने के कारण यह अत्यंत लाभदायक व्यवसाय साबित हो रही है।


प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है

नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।

1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।



संपर्क करें- 7837411411

Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport